भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1490
जिसका उत्तर, मंगलवार 08 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

डीजल से चलने वाले वाहन

1490. श्री डी० के० सुरेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में डीजल से चलने वाले वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है और यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान तत्संबंधी वाहन-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार प्रतिवर्ष पंजीकृत होने वाली यात्री कारों सहित वाहनों की संख्या संबंधी उच्चतम सीमा निर्धारित करने पर विचार कर रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी० एम० सिद्देश्वर)

(क): महोदया, पिछले तीन वर्षों में डीजल यात्री वाहनों की संख्या तथा वर्ष दर वर्ष हुई वृद्धि का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

	घरेलू बिक्री (संख्या)		
	2012-13	2013-14	2014-15
डीजल यात्री कारें	894,529	741,588	701,744
डीजल उपयोगी वाहन	538,599	494,666	498,559
डीजल वैन	126,573	88,696	42,270
कुल	1,559,701	1,324,950	1,242,573
% वृद्धि	23.23	(-)15.05	(-)6.22

(ख): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****